# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),निकट टोल प्लाजा, महवानगर, बस्ती-272002

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail.com


पत्रांक 644/M-3 169

दिनांक 16/09/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी
बस्ती

विषयः- दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर मे दिनांक 15.9.2026 को "जल जीवन मिशन की योजना फेल बस्ती के महुरैइया गावों में दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण , जेई बोले जानकारी नहीं" शीर्षक से प्रकाशित नकारात्मक खबर निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदया,-

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर मे दिनांक 15.9.2026 को "जल जीवन मिशन की योजना फेल बस्ती के महुरैइया गावों में दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण, जेई बोले जानकारी नहीं" शीर्षक से प्रकाशित नकारात्मक खबर के सम्बन्ध में आख्या निम्नवत है –

| प्रकाशित खबर | आख्या |
| --- | --- |
| बस्ती जिले के कप्तानगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत पोखरा में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी लगायी गयी है, इसका मकसद राजस्व गांव महुरैइया तक पानी पहुँचाना था, लेकिन यह योजना जमीन पर फेल होती दिख रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब से टंकी लगी है तब से महुरैइया गांव में सिर्फ एक – दो बार ही पानी की सप्लाई हुई है। पिछले करीब एक साल से पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप है , इसके कारण ग्रामीणों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। गांव के सी पी निषाद ने बताया की पूरे गांव में नल टोंटी लग चुके है इसके बावजूद सप्लाई न होने से लोगों को गन्दा पानी पीना पड़ रहा है। | उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उल्लिखित ग्राम महुरैइया जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित पोखरा पेयजल योजना से आच्छादित है, जिसके समस्त कार्यों को वर्ष 2019-2020 में पूर्ण करते हुए योजना से जलापूर्ति की जा रही थी। उक्त योजना अंतर्गत कुल 4 राजस्व ग्राम यथा 1. रमवापुर खुर्द 2. पोखरा 3. अहिरौलिया एवं 4. महुरैइया सम्मिलित है, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण के दौरान योजना अंतर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली एवं गृह संयोजन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण वर्तमान मे योजना से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। संचालन एवं अनुरक्षण नीति 2024 के अंतर्गत योजना को पूर्ण रूप से संचालित करने हेतु प्राक्कलन बनाकर स्वीकृति हेतु मुख्यालय प्रेषित किया गया था, जिसके सापेक्ष धनावंटन प्राप्त हुआ है। वर्तमान मे सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। दो सप्ताह में लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए वितरण प्रणाली एवं गृह संयोजनों की मरम्मत कराते हुए जलापूर्ति सुचारु करा दी जाएगी। |

संलग्नक (फोटोग्राफ्स)

भवदीय

(एस रहमान)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० तथा दिनांक तदैवः-

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner







Scanned with OKEN Scanner